प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नई ऊर्जा का करेगा संचार।
- वित्त वर्ष 2025–26 का केंद्रीय बजट कल होगा पेश– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की जताई उम्मीद।
- वित्त वर्ष 2025 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 6 दशमलव 4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान।
- मंडी ज़िले में घोड़ों व खच्चरों में फैलने वाली ग्लैंडर्स बीमारी का मामला आया सामने– क्षेत्र को कंट्रोल ज़ोन किया घोषित।

पीएम बजट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा भरेगा। बजट सत्र की शुरुआत से पहले आज मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

केंद्रीय बजट–उम्मीद

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल पहली फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2025–26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय बजट में हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की उम्मीद जताई है। सोलन में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा नहीं है और इसके निर्माण का पूरा खर्च केंद्र सरकार को वहन करना चाहिए। इसके अलावा भानुपल्ली–बैरी और चंडीगढ़–बद्दी रेल लाईन को बिछाने का खर्च भी केंद्र को उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है, इसलिए सभी विभागों में सकारात्मक बदलाव के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि बजट देश के सभी राज्यों के आर्थिक विकास पर केन्द्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट में हिमाचल जैसे छोटे व पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष प्रावधान किया जाना चाहिए।

आर्थिक सर्वेक्षण

वित्त वर्ष 2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आज संसद के दोनों सदनों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है, जिसमें संतुलित राजकोषीय समेकन और स्थिर निजी खपत है। सर्वेक्षण के अनुसार कमजोर वैश्विक मांग और घरेलू मौसमी परिस्थितियों के कारण विनिर्माण क्षेत्र को दबाव का सामना करना पड़ा। सर्वेक्षण ने देश की मध्यम अवधि की विकास

क्षमता को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर के संरचनात्मक सुधारों और विनियमन के माध्यम से देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने पर भी जोर दिया।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायतीराज संस्थाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की डोल पंचायत में एक करोड़ 15 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, बिजली, पेयजल और सिंचाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर ज़ोर दे रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों और पशुपालकों के लिए योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बसंतपुर विकास खंड की करयाली पंचायत में लगभग 3 करोड़ रूपये से बने 3 सड़क संपर्क मार्गों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन सड़कों को विधायक प्राथमिकता के तहत जल्द ही पक्का किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि निर्माणाधीन सुन्नी डैम जलविद्युत परियोजना के कारण जिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है, उसके लिए करीब 50 लाख रूपये की राशि वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलोग का मुरम्मत कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

ग्लैंडर्स बीमारी

मंडी जिले में घोड़ों और खच्चरों में फैलने वाली ग्लैंडर्स बीमारी से दहशत का माहौल बन गया है। मंडी के समौण से लिए घोड़ों के रक्त के सैंपल राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार में जांच के दौरान पॉजिटिव निकले हैं। इस बीमारी के जीवाणु पशुओं के शरीर में फैल जाते हैं जिससे सांस संबंधी तकलीफें भी बढ़ जाती हैं। पशुपालन विभाग के उप–निदेशक डॉ. रवि ठाकुर ने बताया कि मंडी में गलैंडर्स बीमारी का एक मामला दर्ज किया गया है, जिसकी रिपोर्ट एनआरसी केंद्र हिसार से पॉजिटिव आई है।

सड़क सुरक्षा

शिमला ज़िला में सड़क सुरक्षा को लेकर एक माह तक चला जागरूकता अभियान आज संपन्न हो गया। इस दौरान शिमला पुलिस और ज़िला प्रशासन ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। अभियान के समापन अवसर पर गेयटी थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लगातार चलाए जाने चाहिए, ताकि प्रदेश की जनता तक सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता संदेश पहुंच सके।

केवल पठानिया

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने अधिकारियों को विकास कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वे आज शाहपुर में विकास कार्यों और विधायक प्राथमिकता के तहत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। केवल सिंह पठानिया ने अधिकारियों को प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब व वंचित वर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नई ऊर्जा का करेगा संचार।
- वित्त वर्ष 2025–26 का केंद्रीय बजट कल होगा पेश– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की जताई उम्मीद।
- वित्त वर्ष 2025 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 6 दशमलव 4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान।
- मंडी ज़िले में घोड़ों व खच्चरों में फैलने वाली ग्लैंडर्स बीमारी का मामला आया सामने– क्षेत्र को कंट्रोल ज़ोन किया घोषित।

-----------------------------------------------------------------